तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शनिवार 23 नवंबर 2024

14 उन्मुखीकरण कार्यक्रम पंचायत पदाधिकारियों को ...




13 ठंड में बुजुर्गों और बच्चों का ध्यान रखें, गर्म कपड़े





## खबर संक्षेप



### जर्जर माहूद बी पायला मार्ग पर ट्रैक्टर ट्राली पलटी

**बालोद/सिकोसा।** ग्राम माहूद बी से पायला मार्ग रोड जर्जर हो जाने के कारण राहगिरो परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं इस रोड़ पर बड़े–बड़े गड्ढे हो गए है, किसानों के विद्याथएँ पढ़ने वाले बच्चों को भी आने–जाने मे कठिनाई होती है। गुरुवार को सुबह छोटा ट्रैक्टर ट्राली में किसान के द्वारा खेत से धान का भारा बांधकर ट्रैक्टर ट्राली में लाते समय माहूद बी पायला मार्ग पर ट्रैक्टर ट्राली पलट गया। इससे किसान को नुकसान उठाना पड़ा। उसी रास्ते पर कुछ ही दूरी पर धान का खरीदी केंद्र है जहां परिवहन में परेशानी हो रही है।

### मितानिन सम्मान समारोह आज

**बालोद।** श्री राम कुमार जमुना देवी यादव फाउंडेशन बालोद के



तत्वावधान में मितानिन दिवस के अवसर पर 23 नवम्बर को प्रातः 10 बजें पुर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद राकेश यादव के निवास दलली रोड बालोद मे शहर के सभी शहरी मितानिनों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया है।

### लोकार्पण एवं भूमिपूजन कल ग्राम कुथरेल

**अंडा।** ग्राम कुथरेल में लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन 24 नवम्बर दोपहर 12:00 बजे किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि- ललित चन्द्राकर (विधायक दुर्ग ग्रामीण एवं उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण) होंगे और अध्यक्षता केशव (बंटी) हरमुख (उपाध्यक्ष-श्रम कल्याण मंडल छ.ग. शासन) करेंगे। विशेष अतिथि देवेन्द्र देशमुख (अध्यक्ष-जनपद पंचायत दुर्ग) ,माया बेलचंदन (पूर्व अध्यक्ष व वर्तमान सदस्य जिला पंचायत दुर्ग) योगिता चन्द्राकर (सभापति-जिला पंचायत दुर्ग) अश्वनी चन्द्राकर (पूर्व केन्द्रीय अध्यक्ष चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज छ.ग.) दिनेश चन्द्राकर (पूर्व अध्यक्ष चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज कुरूद राज) होंगे।

### प्रेमिका की हत्या कर फरार आरोपी ने लगाई फांसी

**भिलाई।** कांकेर जिले के चारामा से प्रेमिका की हत्या के बाद फरार आरोपी ने दुर्ग जिले के रानीतराई थाना क्षेत्र में आकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना स्थल से थोड़ी दूर पर उसका दुपहिया वाहन खड़ी मिला। रानीतराई पुलिस के द्वारा मर्ग कायम कर मृतक के परिजनों को एवं थाना चारामा को सूचित किया गया है। रानीतराई थाने के उप निरीक्षक धनेश्वर साहू ने बताया कि ग्राम अमलीडीह के कोटवार ने सूचना दी की अज्ञात युवक द्वारा बुधवार दोपहर 2:30 बजे के लगभग पेड़ के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।

## अंतर्राष्ट्रीय जनजाति उत्सव लखनऊ में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक वाद्य यंत्रों की जुगलबंदी ने धूम मचाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

- संजू कुमार सेन की 16 सदस्यीय टीम ने किया कमाल

ग्राम तवेरा के रहने वाले युवा लोक वाद्य संग्राहक संजू कुमार सेन और उनके 16 साथियों के दल ने लखनऊ में लोक एवं जनजाति सांस्कृतिक संस्थान उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय जनजाति भागीदारी उत्सव में लगभग 90 प्रकार के पारंपरिक एवं प्राचीन लोक वाद्य यंत्रों की जुगलबंदी कर अपने छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया। पारंपरिक लोक वाद्यों को विलुप्ति से बचाने के लिए संजू कुमार सेन हमेशा प्रयासरत है और अपने गांव के युवाओं को भी अपने इस पहल से जोड़ कर रखे है ताकि ये विरासत आगे भी युवा पीढ़ी तक बढ़ सके। छत्तीसगढ़ की ओर से अपने दल के कार्यक्रम का संचालन ग्राम खलारी निवासी छत्तीसगढ़ के युवा होनहार उद्घोषक वेदप्रकाश साहू ने किया जो अनेक राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर संचालन करके प्रदेश का मान बढ़ाते आ रहे है।

#### ये रहे मौजूद

साथी कलाकार रिकेश कुमार सेन, गुरुदयाल, मनीष पटेल, डिकेश्वर, रविश कुमार, सुभाष यादव, भुवन लाल, वेदप्रकाश वर्मा, धरम सिंह, झंगलू राम, अभिनाथ, रुखमनी यादव, खुशबू साहू, दुर्गा सिदार पुरखा के धरोहर लोक कला एवं लोक वाद्य संस्था तवेरा के सभी कलाकार छत्तीसगढ़ के दल में शामिल थे। विदेशों एवं भारत के 22 राज्यों से आये हुए सभी दलों के कलाकारों ने मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुति दी, 15 से 20 नवम्बर तक चले अंतर्राष्ट्रीय जनजाति भागीदारी उत्सव में भारत की सांस्कृतिक विविधता देखने को मिली।

### धान खरीदी : पीएम मोदी की गारंटी और सीएम साय के सुशासन का कमाल

## धान खरीदी में टोकन सिस्टम से किसानों को बड़ी राहत, लंबी लाइन से मिली मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

**खरीफ के साथ ही रबी फसल के उत्पादन में काफी सुविधा मिली**

**बारदाना, माइक्रो एटीएम, इलेक्ट्रानिक तौल मशीन जैसी सुविधाओं का कमाल**

बालोद जिले में धान खरीदी का महाभियान पूरे उत्साह के साथ जारी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में चल रहे इस महापर्व में किसान



काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। उनके इस उत्साह की एक वजह धान विक्रय हेतु किसानों के लिए की गई व्यवस्थाएं भी हैं, जिनके बेहतर क्रियान्वयन से धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से निरंतर जारी है।

मुख्यमंत्री साय के सुशासन में किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ''टोकन तुंहर हाथ एप्प'' की व्यवस्था की गई है, जिसके बेहतर संचालन से अब किसानों को धान खरीदी केन्द्र में आकर लम्बी लाईन में लगने से मुक्ति मिली है और वे अब अपने घर में बैठकर ही अपने मोबाइल एप्प के माध्यम से धान विक्रय हेतु तिथि चयन कर टोकन ले पा रहे हैं। धान खरीदी केन्द्र में की गई सुविधाओं और



टोकन तुंहर हाथ एप्प का उपयोग कर चुके बालोद जिले के किसान कांति लाल साहू ने बताया कि उनके परिवार में काफी लम्बे समय से खेती किसानी का कार्य किया जा रहा है, वे प्रमुख रूप से धान की खेती करते हैं। उसने बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष उन्हे धान विक्रय करने में किसी प्रकार की समस्या नहीं हुई है। इस वर्ष धान खरीदी केन्द्र में की गई व्यवस्थाएँ काफी अच्छी है। पहले धान विक्रय के लिए केन्द्र में आकर लम्बा लाईन लगाकर टोकन लेना पड़ता था, जिससे काफी समय व्यर्थ होता था। लेकिन अब टोकन तुंहर हाथ एप्प की सुविधा मिलने से लम्बी लाईन में लगने से मुक्ति मिली है।

#### टोकन से किसानों को राहत

उसने बताया कि इस वर्ष टोकन में दिए गए निर्धारित तिथि अनुसार हमारे द्वारा धान विक्रय किया गया है। जिसमें हमें काफी अच्छी देखने को मिली है। टोकन के अतिरिक्त धान खरीदी केन्द्र में बारदाना, माइक्रो एटीएम, इलेक्ट्रानिक तौल मशीन जैसी सुविधाओं की बदौलत कम समय में ही धान विक्रय करने में काफी आसानी हुई है। किसान कांतिलाल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार किसानों के हित में अच्छा कार्य कर रही है। जिसका परिणाम धान खरीदी केन्द्र में की गई व्यवस्थाओं से नजर आ रहा है। उसने कहा कि धान का उचित मूल्य मिलने से अब किसानों की स्थिति भी बेहतर हुई है और उन्हें खरीफ फसल के साथ ही रबी फसल के उत्पादन में काफी सुविधा मिली है।

## वेतन विसंगतियों को दूर करने शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा द्वारा शिक्षक एलबी संवर्ग के मांगो के संबंध में ज्ञापन सौंपा गया। शिक्षक एलबी संवर्ग की मांगों के निराकरण के संबंध में छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारी 21 नवम्बर को विधायक कुंवर सिंह निषाद को मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन मे मांग की गई है कि मोदी के गारंटी के तहत, सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति दूर कर, समस्त एलबी संवर्ग को क्रमोन्नत वेतनमान प्रदान किया जावे। समतुल्य वेतनमान (पुनरीक्षित वेतनमान) में सही वेतन का निर्धारण कर 1.86 के गुणांक पर वेतन निर्धारण किया जावे। पूर्व सेवा अवधि की गणना करते हुए समस्त शिक्षक एलबी संवर्ग के पुरानी पेंशन को निर्धारित करें एवं भारत सरकार द्वारा 2 सितंबर 2008 को जारी आदेश के समान 33 वर्ष में पूर्ण पेंशन के स्थान पर 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन का प्रावधान किया जावे। उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा याचिका डबल बैंच द्वारा पारित निर्णय 28 फरवरी 2024 के तहत सभी पात्र एल बी संवर्ग के शिक्षको के लिए क्रमोन्नति, समयमान का विभागीय आदेश किया जावे। शिक्षक व कर्मचारियों को केंद्र के समान 01 जुलाई 2024 से 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जाये तथा जुलाई 2019 से देय तिथि पर महंगाई भत्ते के एरियर राशि का समायोजन जीपीएफ, सीजीपीएफ खाता में किया जाए।

गुण्डरदेही ब्लॉक संयोजक के रूप मे छबीलाल साहू, राजेंद्र देशमुख, किशन लाल साहू, जिला संयोजक देवेंद्र हरमुख एवं ब्लॉक पदाधिकारी शैलेन्द्र ठाकुर, कोमल साहू, जीतेन्द्र ▶▶| शेष पेज 12 पर

### रासेयो शिविर में कविता पाठ कर देशभक्ति का दिया संदेश

**गुण्डरदेही।** राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर माता कर्मा महाविद्यालय का आयोजन ग्राम डगनिया में किया गया है। जिसमें अंचल के साहित्यकारों ने छात्रों को देशभक्ति के भाव से कविता के माध्यम से ओत प्रोत किया, शहीदों के प्रति सम्मान का भाव एवं देश की रक्षा के लिए मर मिटने का जज्बा पैदा करते हुए राष्ट्रभक्ति के साथ धरती का गीत, जीवन में आगे बढ़ाने की प्रेरणा एवं मातृ शक्ति के सम्मान में कविता पढ़ी गई। जिसमें केशव राम साहू, पुष्कर सिंह राज, डॉक्टर एसएल गंधर्व, श्रावण सोनी, योगेश छत्तीसगढ़िया, गुमान साहू, जलज ताम्रकार ने कवि के रूप में भाग लिया। सरपंच ग्राम पंचायत डगनिया टिकेश्वर साहू एवं सरपंच ग्राम पंचायत परसदा कुलदीप साहू ने कवियों का सम्मान किया। इस अवसर पर एनएसएस जिला संगठक डॉक्टर लीना साहू, कार्यक्रम अधिकारी दिगेंद्र साहू, कमल सिंह, कौशल गजेंद्र व ग्रामवासी उपस्थित थे।




## वार्ड 12 की शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

नगर पंचायत गुण्डरदेही व राजस्व विभाग की टीम ने शुक्रवार को नगर के वार्ड नं 12 मे शासकीय भुमि मे अवैध अतिक्रमण पर कार्यवाही करते हुए बेदखली की कार्यवाही की गई। नगर के अहिरवार (मोची) समाज के अध्यक्ष मनोज कुमार व समाज के अन्य सदस्यो ने शिकायत की गई थी वार्ड 12 मे शीतला मंदिर तालाब के पास शासकीय भुमि है जिसमे समाज का भवन निर्माण करना है, जिसका प्रस्ताव नगर पंचायत से हो चुका है वहां पर अहिरवार समाज का रविदास मंदिर भी बना है, मगर उक्त सरकारी भुमि मे नगर के दौलत सोनकर द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण कर बाउंड्रीवाल व मकान निर्माण कर दिया था।

अहिरवार समाज की शिकायत पर शुक्रवार को नगर पंचायत प्रशासन व राजस्व विभाग की मौजूदगी मे शासकीय भुमि से अवैध अतिक्रमण पर कारवाई की गई वही अतिक्रमणकर्ता द्वारा बगल मे लोहे का गेट लगाया गया था जिसको निकालने प्रशासन से एक हफ्ते का समय मांगा है। कार्रवाई मे तहसीलदार कोमल सिंह धुरव, नायब तहसीलदार चन्द्रशेखर चन्द्राकर, नगर पंचायत सीएमओ गिरीश कुमार साहू, गुण्डरदेही थाना प्रभारी जायसवाल पटवारी व अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## प्लेसमेंट कर्मचारियों के बाद कल से स्वच्छता दीदियों की हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

एक ओर जहां जिले के नगर पालिका, जनपद पंचायत के तमाम प्लेसमेंट कर्मचारी अपनी विभिन्न मांगो को लेकर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर हैं, जिससे विभागीय कार्य ठप पड़ चुका है तो वहीं दूसरी ओर सफाई व्यवस्था की बागडोर संभालने वाले स्वच्छता दीदी भी अब अपनी तीन अलग अलग मांगो को लेकर धरना देंगे।

जिले के करीब 200 स्वच्छता दीदी 24 और 25 नवंबर को दो दिवसीय जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन करेंगे और रैली निकालकर प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपेंगे। जिला मुख्यालय सहित ब्लॉक मुख्यालयों में डोर टू डोर घरों तक पहुंचकर कचरा संग्रहण करने वाले स्वच्छता दीदियों व पुरुष कर्मचारी भी अपनी तीन मांगो को लेकर धरना देंगे। जानकारी के अनुसार इनकी तीन प्रमुख मांग कलेक्टर दर पर वेतन, सभी कर्मचारियों का पीएफ राशि काटने सहित साप्ताहिक अवकाश देने की मांग इन कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है।



#### हड़ताल से शहरवासियों की समस्या बढ़ी

रोजाना डोर टू डोर कचरा एकत्र कर उसे मणिकंचन केंद्र में छटनी करने के बाद गंदगी को शहर से बाहर करने की जिम्मेदारी उठाने वाले इन स्वच्छता दीदियों का हड़ताल पर जाने से कहीं न कहीं शहरवासियों को इसका प्रभाव पड़ेगा, क्योंकि शहर से रोजाना भारी मात्र में कचरा निकलता है जिसे इनके द्वारा रोज सफाई कर शहर से दूर फेंक दिया जाता है। ऐसे में इनके हड़ताल पर जाने से सफाई व्यवस्था पूरी तरह से डगमगा जाएगा।

### पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ग्राम अरमरी खुर्द व रिवागहन में

## भाजपा के राज में अव्यवस्था का आलम और परंपराओं की उपेक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

- लाखों रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया

पूर्व मुख्यमंत्री पाटन विधानसभा विधायक भूपेश बघेल ने ग्राम पंचायत अरमरी खुर्द, रिवागहन में लाखों रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा, सुरक्षा, सौहार्द्र, समरसता का वातावरण हमने बनाया। यहां की अनमोल धरोहर संस्कृति, सभ्यता परंपरा, धार्मिक



आस्था को सुदृढ़ बनाने में सहभागिता निभाए, क्योंकि वर्तमान परिस्थिति बिल्कुल विपरीत चल रही है। भाजपा राज में हालत देख रहे व्यवस्था छिन्न भिन्न हो गई है। रिवागहन में सामुदायिक भवन 6.50 लाख, अरमरी खुर्द में सामुदायिक भवन 6.50 लाख का लोकार्पण, जिप निधि से साहू भवन रिवागहन में किचनसेड निर्माण कार्य (2लाख), पेयजल हेतु टंकी पंप सहित (1 लाख), नाली निर्माण (2लाख) का भूमिपूजन किया गया।

अध्यक्षीय उद्बोधन में जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक साहू ने भूपेश बघेल के मुख्यमंत्रित्व काल में हुए विकास को जनहितकारी बताया। स्वागत भाषण सरपंच देवकी साहू, अभिनंदन पत्र उपसरपंच प्रेमलाल साहू, आभार सचिव मनीष चतुर्वेदी ने किया।

#### ये रहे मौजूद

समारोह में आशीष वर्मा, अशोक साहू, राजेश ठाकुर, रूपेंद्र शुक्ला, भेष आठे, कपूर साहू, रूपेंद्र साहू, जगदीश साहू, रूपचंद गजपाल मंचासिन रहे। इस अवसर पर शिव साहू, खोरबाहरा साहू, कोमल साहू, चूरामन साहू, शैलेन्द्र बंछोर, अनिरुद्ध साहू, निर्मल यादव, लोमन साहू, ओमप्रकाश वारधे, चित्रसेन साहू, नरेंद्र साहू, लक्ष्मण यादव, लोकेश्वर, उमाशंकर साहू, नम्मू साहू, देव साहू, जयप्रकाश, रणजीत, विश्राम सिंह, कामता सेन, दयालु साहू, डोमन लाल, सुंदर लाल, झूमक साहू, रामलाल गजपाल, भूपत साहू, केशव साहू, धनेश यादव, राजेंद्र यादव, तिलोचन साहू, हेमनाथ, रामनाथ छपहा पंचगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### आत्मानंद स्कूल में कार्यशाला का आयोजन

**दुर्ग।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में युवोदय स्वयंसेवकों के द्वारा अलग-अलग विषयों में जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में युवोदय टीम के द्वारा स्वामी आत्मानंद एक्सीलेंट इंग्लिश, हिंदी मीडियम स्कूल निकुम में एक दिवसीय कार्यशाला "आओ बात करें" का आयोजन किया गया।

**पाठक सूचना**

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप

### कमिश्नर ने की विकास कार्यों की समीक्षा

**रायपुर।** नगर निगम कमिश्नर अविनाश मिश्रा ने गुरुवार को निगम क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने इस दौरान समस्त जोन अधिकारियों को प्रगतिरत सभी विकास कार्यों को तय समय सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने, जोन अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षदों से वार्डो में विकास कार्य एवं अन्य विषयों पर चर्चा की।इस दौरान पार्षदों ने भी सुझाव दिए। इसके साथ ही निगम कमिश्नर ने निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप शत प्रतिशत राजस्व वसूली करने के निर्देश दिए।

### याद किए गए अरुण केशव सप्रे

**रायपुर।** भारतीय वायुसेना के स्क्वाड्रन लीडर टेस्टिंग पायलट रायपुर निवासी शहीद अरुण केशव सप्रे की पुण्यतिथि मनाई गई। उनकी पुण्यतिथि पर निगम संस्कृति विभाग द्वारा निगम मुख्यालय के सामान्य सभा कक्ष में शहीद के तैल चित्र पर पुष्पांजिल कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में महापौर एजाज ढेबर, सभापति प्रमोद दुबे, छग राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक, एमआईसी सदस्य श्रीकुमार मेनन, शहीद अरूण केशव सप्रे की धर्मपत्नी व मध्यप्रदेश महिला एवं समाज कल्याण बोर्ड की पूर्व संचालक मीना ताई सप्रे, उनके बेटे रूपेश सप्रे, एक्स आर्मी फाउंडेशन के वेलफेयर आर्गनाईजेशन के कैप्टन शैलेष शुक्ला, पूर्व सैनिक दिनेश मिश्रा, संदीप पुरानकर, गौरव पवार, गंगा प्रसाद शर्मा, भरत शर्मा, आर.के. श्रीवास्तव, एन.के. वर्मा, हीरामन मिश्रा, राकेश प्रताप सिंह, आरके सोनी, सामाजिक कार्यकर्ता उचित शर्मा सहित गणमान्यजनों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### विधायक ने नवनियुक्त प्राधिकृत अधिकारियों का किया सम्मान

**रायपुर।** अभनपुर विधानसभा के 35 प्राथमिक कृषि सहकारी संस्थाओं के नवनियुक्त प्राधिकृत पदाधिकारी विधानसभा मुख्यालय, विधायक कार्यालय में उनका आभार व्यक्त करने पहुंचे थे। विधायक ने सभी नवनियुक्त प्राधिकृत अधिकारियों को श्रीफल, शॉल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा, सभी सेवा व संघर्ष से इस मुकाम तक पहुंचे हैं। पद भले ही छोटा हो, पर यह बहुत सम्मानित व जवाबदारी वाला पद है। इस संस्था में अधिकांश कृषक सदस्य होते हैं तथा खाद-बीज के साथ ही अपने फसलों का उचित मूल्य प्राप्त करते हैं। आप लोगों को शासन स्तर से जो दायित्व मिला है, उसके माध्यम से किसानों के बीच एक अलग पहचान होनी चाहिए। कृषकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े, इस बात पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। कार्यक्रम में नवनियुक्त प्राधिकृत अधिकारी वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति अभनपुर प्रदीप शर्मा, नेतराम साहू, लीलाराम साहू, अनिल साहू आदि नवनियुक्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पेज 11 का शेष


### वेतन विसंगतियों को ...

पवार, गजेंद्र यदु, श्रद्धा वासनिक, पुष्पलता चौधरी, मोहनीश साहू, केपी साहू, भूपेंद्र साहू, महेन्द्र सोनी, नागेंद्र कामड़े, अशोक गेंद्रे, अरविन्द सोनी, चंद्रशेखर तिवारी, धर्मेंद्र सोनी एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

**मौसम : शीतलहर के समय घर के अंदर ही रहने की कोशिश करें**

# ठंड में बुजुर्गों और बच्चों का ध्यान रखें, गर्म कपड़े पहने : सीएमओ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी द्वारा शीतलहर एवं ठंड से बचाव के उपाय व आवश्यक व्यवस्था संबंधी जानकारी के संबंध मे प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी बालोद के द्वारा नवंबर से मौसम मे परिवर्तन के कारण शीतलहर एवं ठंड से बचाव की स्थिति से रोकथाम व बचाव हेतु आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा है कि शीतलहर के समय घर के अंदर ही रहने की कोशिश करे। पर्याप्त माता मे गर्म कपड़ो की उपलब्धता रखकर उपयोग करे। मौसम मे परिवर्तन एवं आपातकालीन संबंधी सूचना हेतु अखबारो का अवलोकन करे। बुजुर्ग व्यक्तियो, बच्चो एवं अकेले जीवन यापन कर रहे पड़ोसियो का विशेष ख्याल रखे। आकस्मिक, आपातकालीन सामाग्री एवं सुविधएं अग्रिम रूप से रखा जाना सुनिश्चत करे। शीतलहर के समय किसी एक कक्ष का चयन कर हीटर, अन्य यंत्र के द्वारा गरम रखा जावे। शरीर हो गर्म रखने के लिए नियमित रूप से गर्म पेय पदार्थ का सेवन करते रहे। बिजली न होने की स्थिति मे फ्रिज के दवाजे सही तरीके से बंद रखकर भोज्य पदार्थो को अधिकतम 48 घंटे तक सुरक्षित रखा जा सकता है। समुचित कपड़े पहने, कोशिश करे की मोटी परत वाले कपड़ो का इस्तेमाल हो। कैंप कनटोप व मफ्लर का उपयोग शरीर का तापमान क्षय होने से बचाती है। कैरोसीन हीटर या कोयला भट्ठी, सिगड़ी के धुंए के जहरीली कणो से बचे व अनुकुलित वेन्टीलेशन सुर्नि"चत करे। शरीर हो गर्म रखने हेतु शुद्व गर्म भोजन का सेवन करे एवं बिना एल्कोहोल वाले पेय पदार्थ पिये। शीतदंश, कान, नाक, उंगलियो का सफेद या पीला दिखाई देना या शुन्न पड़ने पर तत्काल चिकित्सकीय सुविधा लेवे। शरीर का ठंडा पड़ जाना, अनियंत्रित कपकपी, याददास्त मे कमी, जबान लड़खड़ाना, सुस्ती एवं एकदम थकान महसूस होने पर चिकित्सक से मिले।



### ठंड बढ़ी, कोहरा छाया, स्वेटर-मफलर टोपी-मोजे और जैकेट लोगों को भाया

**बालोद।** शुक्रवार को सारा दिन सूर्य और बादल के बीच लुकाछिपी का खेल चलता रहा। बादल छाए रहने और ठंडी हवाएं चलने से लोग सारा दिन गर्म कपड़े पहने हुए नजर आए। महिलाएं गर्म साल व सेवटर तो पुरूष भी जैकेट, सेवटर सहित हांथ व कान को भी ठंडी हवाओं से बचाने गर्म पकड़े का इस्तेमाल करते दिखे। शुक्रवार को सुबह सूर्यदय के बाद अचानक से मौसम में परिवर्तन हुआ और सारा दिन बादल छाए रहने से सूरज की किरणें कम हो गई। इसके साथ ही ठंडी हवाएं भी चलने लगी। दोपहर में भी हल्का कोहरा छाया रहा, वहीं कोहरा की वजह से तांदुला जलाशय के एक छोर से दूसरा छोर नजर नहीं आ रहा था। जिले के वनांचन व ग्रामीण इलाकों में लोग अलाव का भी सहारा लेने लगे हैं ताकि कड़ाके की ठंड से शरीर को अलाव से गर्म किया जाए, यह स्थिति बहुत जल्द शहरी क्षेत्रें में भी देखने को मिलेगा।

## शिक्षा अधिकारियों ने कंजेली स्कूल का निरीक्षण कर बच्चों को बांट गर्म कपड़े




**डोडी।** विकासखंड डौंडी अंतर्गत वनांचल में स्थित कंजेली प्राइमरी स्कूल का दुर्ग संभाग के संयुक्त संचालक आर एल ठाकुर एवं संभागस्तरीय शिक्षा अधिकारियों ने अवलोकन किया। जिसमें संयुक्त संचालक शिक्षा दुर्ग आरएल ठाकुर ,उपसंचालक शिक्षा दुर्ग सहित एच एस वर्मा ,सहायक संचालक संभाग शिक्षा दुर्ग शुक्ला , बैंक मैनेजर दुर्ग आर एन शर्मा, दुर्ग डाइट से व्ही.आर मूर्ति,राज्य स्तरीय विभिन्न कार्यक्रमों के मास्टर ट्रेनर शिक्षक मिलिंद चंद्रा शामिल रहे। इस दौरान अफसरों ने शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों जैसे - एफ एल एन, बालवाड़ी, परख नेशनल टेस्ट की तैयारी बच्चों के पठन-लेखन एवं मौखिक अभिव्यक्ति कौशल एवं बच्चों द्वारा प्रदर्शित योग अभ्यास को देखा ।

### शिक्षकों को निष्ठा के साथ कार्य करें

संयुक्त संचालक आर.एल ठाकुर ने विद्यालय में संचालित विभिन्न गतिविधियों की सराहना की एवं बच्चों को आशीष प्रदान करते हुए शिक्षकों को अपने कार्य निष्ठा पूर्ण करने एवं उसमें निरंतरता बनाएं रखने की बात कही। जिससे उनके अन्यत्र चले जाने पर भी शाला संचालन इसी प्रकार से हो सके।

### बच्चों को शैक्षणिक सामग्री एवं फल बांटे

दुर्ग डाइट से आए व्ही.आर मूर्ति एवं अधिकारियों द्वारा बच्चों को गर्म कपड़े ,पेंसिल,कलर पेंसिल एवं फल उपलब्ध कराए गए। व्ही.आर .मूर्ति द्वारा इसके पूर्व भी विद्यालय में विभिन्न अवसरों पर सत्र 2022 से अब तक 5 से अधिक बार न्योता भोज कराया जा चुका है। सभी अधिकारी वर्गों ने विद्यालय की गतिविधियों, बच्चों से सवाल-जवाब में निर्भीक वार्तालाप, शिक्षकों के कार्य एवं विद्यालय में विकसित किए गए ,पोषण वाटिका,शैक्षणिक एवं स्वच्छ वातावरण की सराहना की।

### गर्म कपड़ों का उपहार पाकर खुश हुए बच्चे

ठंड के मौसम में गर्म कपड़े का उपहार पाकर सभी बच्चे खुश हुए ।साथ ही विद्यालय की ओर स्थानीय स्तर पर उपलब्ध फल एवं सब्जियां भेंट कर आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। बच्चों, पालको शाला अवलोकन में आने वाले अधिकारीगणों एवं आगंतुकों की संतुष्टि ही हमारे लिए सच्चा पुरस्कार है शाला की प्रधान पाठक ममता सोनेश्वर ने सभी अधिकारी वर्गों का समय निकाल कर शाला अवलोकन करने एवं बच्चों के लिए उपहार लाने हेतु आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि बच्चों के चेहरे पर प्रसन्नता, पालकों एवं आगंतुको की संतुष्टि ही हमारे लिए श्रेष्ठ पुरस्कार है।

## नपं में करोड़ों के विकास कार्यों के टेंडर में गड़बड़ी, जांच की मांग




हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा

जिला के नगर पालिका दल्ली राजहरा व डौंडीलोहारा नगर पंचायत में करोड़ो रूपये के नए विकास कार्यो के लिए जारी हुए टेंडर में गड़बड़ी करने व नियम विरुद्ध कार्य करने वाले जिम्मेदार अधिकारियों पर जांच उपरांत कड़ी कार्यवाही करने की मांग भाजपा युवा नेता लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम ने की है।

ज्ञात हो कि प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व उपमुख्यमंत्री नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव शहरवासियो की मूलभूत समस्याओं के निराकरण के लिए पालिका व नगर पंचायत को करोड़ो रूपये दे रहे है। ताकि आमजन की पानी,बिजली, सड़क, भवन की समस्या खत्म हो लेकिन बालोद जिला के दल्ली राजहरा नगर पालिका व डौंडीलोहारा नगर पंचायत में बैठे जिम्मेदार अधिकारी के नियम विरुद्ध कार्य करने से आमजन में काफी नाराजगी है।वहीं शासन से नगर विकास के लिए स्वीकृत कार्यो में बड़ी लापरवाही है। जहां एक ओर प्रदेश की भाजपा सरकार नए नए विकास कार्यो की सौगात दी रहे है। वही लापरवाह अधिकारी की गड़बड़ी की वजह से सरकार की योजनाएं भी प्रभावित हो रही है। आने वाले कुछ समय बाद प्रदेश व जिला में नगरीय निकाय के चुनाव संपन्न होने है। करोड़ो रूपये के विकास कार्यो के लिए जारी निविदा में पालिका व नगर पंचायत में पदस्थ कांग्रेस के अध्यक्ष व अधिकारियों की मिलीभगत से भाजपा सरकार की छवि को खराब करने का काम किया जा रहा है।

जिसे स्वीकार नही किया जाएगा लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम ने कहा कि सरकार की योजनाओं व कार्यो से जनता को फायदा मिलना चाहिए उनकी समस्या दूर होनी चाहिए बावजूद नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारी स्वंय के लाभ व अपनो को फायदा देने टेंडर निविदा में गड़बड़ी कर रहे है। टेकाम ने बताया कि इस मामले में जिला कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने शिकायत के मद्देनजर त्वरित कार्यवाही कर जांच समिति बनाया है। जिससे गड़बड़ी करने वालो के मंसूबो पर पानी फिर गया है। जल्द ही टेंडर में गड़बड़ी करने वालों की शिकायत व मामले की जानकारी प्रदेश के मुख्यमंत्री को देंगे व जिम्मेदारों पर कार्यवाही कराया जाएगा।

## देवांगन समाज भवन के लिए सात लाख रुपए स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा



नगर में देवांगन समाज के द्वारा भवन की मांग वर्षो से की जा रही थी जिसे लोकेश्वरी गोपी साहू अध्यक्ष नगर पंचायत डौंडीलोहारा ने नगर व ब्लॉक देवांगन समाज डौंडीलोहारा के बहु प्रतीक्षित मांग पर गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए सामाजिक भवन के लिए 7 लाख रुपए की राशि स्वीकृत कराई है। देवांगन समाज के पूर्व अध्यक्ष सुरेश कुमार देवांगन व बेनीराम देवांगन तथा वर्तमान अध्यक्ष राजेंद्र कुमार देवांगन और उसके सामाजिक प्रतिनिधि मंडल और देवांगन समाज मातृशक्तियों ने सामाजिक भवन की मांग को नगर पंचायत अध्यक्ष के पास रखा था,जो कि देवांगन समाज की वर्षो पुरानी मांग थी जो आज पूरी होने पर अध्यक्ष ने प्रसन्नता जाहिर की।

उन्होंने कहा कि भवन के बन जाने से सामाजिक बन्धुओं, युवा साथी, मातृशक्ति व वरिष्ठ जनों द्वारा छोटी बड़ी समस्याओं को एक भवन में बैठकर सुलझा सकेंगे और समस्या का समाधान कर सकेंगे साथ ही साथ सभी प्रकार के आयोजन आने वाले समय में संचालित कर सकेंगे।नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेश्वरी साहू ने कहा कि देवांगन समाज ब्लॉक डौंडीलोहारा द्वारा हमें 3 वर्ष पूर्व सरस्वती शिशु मंदिर में मां परमेश्वरी जयंती कार्यक्रम में देवांगन समाज भवन निर्माण के लिए जगह आवंटन करने और सामुदायिक भवन निर्माण के लिए राशि उपलब्ध कराने की मांग रखी गई थी उसे मांग पर सामाजिक हित को ध्यान में रखते हुए नगर पंचायत डौंडीलोहारा प्रेसिडेंट इन काउंसलिंग सभापति सदस्यों और नगर पंचायत के सभी परिषद के पार्षद और एल्डरमैन व तात्कालिक मुख्य नगर पालिका अधिकारी की उपस्थिति में परिसर बैठक में सर्वसम्मति से हमारे सभी जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में वार्ड क्रमांक 11 में देवांगन समाज भवन निर्माण के लिए जगह आवंटित की गई, उसी स्थान पर अब भवन भी बन जाएगा।

### कांग्रेस के मतगणना एजेंट हर राउंड में रखेंगे पैनी नजर

**रायपुर।** रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव की मतगणना शनिवार को होगी। कांग्रेस के मतगणना एजेंटों को ट्रेनिंग दी गई। मास्टर ट्रेनर के रूप में राजेश तिवारी, विकास उपाध्याय, गिरीश दुबे, प्रमोद दुबे मुख्य रूप से उपस्थित थे। उनके द्वारा एजेंटों को मतगणना प्रक्रिया को बारीकी से समझाया गया। 13 नवम्बर को डाले गये वोट को प्रत्याशियो को मिले वोटों के साथ मिलान करना होगा। साथ ही रिटर्निंग आफिसर द्वारा दिये गये बूथों के फार्म 17 सी की कापी अपने साथ ले जाना होगा। बूथवार टेबल शीट एवं फाइनल टेबुलेशन शीट तैयार करना, माकपोल के दौरान बदली गई मशीनों के नंबरों का मिलान करना, हर राउंड के बाद रिटर्निंग आफिसर द्वारा दिए गये प्रमाणपत्र पर हस्ताक्षर करना, जरूरत पड़ने पर दावा आपत्ति या रीकाउंटिंग की स्थिति में रिटर्निंग आफिसर को तत्काल आवेदन करने कहा गया। इस अवसर पर आकाश शर्मा, सुमित दास, प्रशांत ठेंगड़ी, सतनाम पनाग, उत्तम साहू, दिनेश ठाकुर, सुरेश उपाध्याय, बंशी कन्नौजे सहित विधानसभा के मतगणना एजेंट उपस्थित थे।

## सोसाइटियों में धान खरीदी जारी, आवक पर बैंक अधिकारियों की है पैनी नजर



हरिभूमि न्यूज ▸▸| डोडी

क्षेत्र के सोसाइटियो में धान की आवक बढ़ने लगी है वही कोऑपरेटिव बैंक के अफसर केंद्रों में पहुंचकर धान खरीदी पर बराबर नजर रखे हुए है और किसानों से मिलकर समझाइए दे रहे हैं धान खरीदी सप्ताह के आखिरी दिन शुक्रवार को डोड़ी खरीदी केंद्र में 49 किसानों ने 2602 किवटल गुदुम समिति में 22 किसानों से 1550 किवटल भरीटोला में 25 किसानों से 1116 किवटल आमाडुला में 23 किसानों से 1225 किवटल और सुरडोगर के धान खरीदी केंद्र में 5 किसान से 344 किवटल धान की खरीदी की गई वही अवैध धान की खरीदी बिक्री को लेकर प्रशासनिक अफसर भी अलर्ट हो गए हैं और सभी केदो का दौरा कर जायजा ले रहे हैं गुरुवार की शाम नोडल अधिकारी सीआर रावटे एवं सहायक नोडल ईशदा डोडी ब्लॉक के गुदुम कुआंगोदी और अंतिम क्षेत्र के धान खरीदी केंद्र आमाडुला पहुंचकर किसानों से ख़रीदी व्यवस्था के बारे में जानकारी लिए साथ ही किसानों से कहा कि वह अपने खाता में अपना ही धान बेचे किसी प्रकार से कोच्चिया या अन्य व्यक्ति का धान नहीं बेचना है साथ ही उन्होंने समिति के कर्मचारी विनोद यादव आनंदी हिरवानी को निर्देश दिया कि रकबा से धान कम होने की स्थिति में किसानों से रकबा समर्थन करवाये उन्होंने धान खरीदी को लेकर प्रचार प्रसार के लिए बैनर पोस्टर भी लगवाने के निर्देश दिये 14 नवंबर से प्रारंभ हुई है और इस सीजन के 6 दिन धान की खरीदी हुई जिसमें डोंडी सोसाइटी में अब तक 241किसानों से 10742 क्विंटल धन की खरीदी हो गई है इसी तरह गुदुम समिति में 133 किसानों से 6705 क्विंटल भरी टोला सोसाइटी में 163 किसानों से 6281 क्विंटल धान की खरीदी कर ली गई है आमाडुला समिति में 45 किसानो से 2350 क्विंटल 20 किलो धान की खरीदी कर ली गई है इसी तरह सुरडोंगर खरीदी केंद्र में शुक्रवार को 5 किसानों से 344 क्विंटल धान की खरीदी की गई है

**शिक्षा में गुणवत्ता बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास जरूरी**

# सेजस विद्यालय दुधली में परीक्षा पूर्व तैयारी तैयार किया ब्लू प्रिंट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा




सेजस विद्यालय दुधली में जिला शिक्षा अधिकारी पी सी मर्कले के निर्देशानुसार हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी में अध्ययनरत छात्रों के लिए विषयवार शिक्षकों द्वारा ब्लूप्रिंट पर विस्तार से चर्चा की गई, जिसमें बच्चों को शैक्षिक उद्देश्यों के अनुसार अधिभार जिसमें ज्ञान, अवरोध, अनुप्रयोग, कौशल पर किस प्रकार कितने अंक की परीक्षा होगी।

पाठ्यक्रम का कितना प्रतिशत होगा। कठिनाई स्तर में सरल, औसत और कठिन स्तर के प्रकार के बारे में विषय शिक्षकों द्वारा विस्तार से समझाया गया ब्लूप्रिंट के आधार पर छात्र को तैयारी करने में सुविधा होती है। संस्था के प्राचार्य श्रीमती डी एन यादव ने इस कार्यशाला में छात्रों को अवगत कराया कि आप अपने लक्ष्य के आधार पर जिस विषय में ब्लू प्रिंट के आधार पर पाठ्यक्रम में जो अंक निर्धारित है इस आधार पर आप प्रश्नों का सलेक्शन करें और उसे उस आधार पर अपनी तैयारी करें, ताकि आप अपने विषय में अधिक से अधिक अंक प्राप्त कर सकते हैं ।बोर्ड प्रभारी मिलन सिंह सिन्हा ने सभी विषय का प्रोजेक्टर के माध्यम से ब्लूप्रिंट पर चर्चा कर छात्रों को लिपिबद्ध करवाया और अवगत कराया गया कि हम किस प्रकार से ब्लूप्रिंट का उपयोग अपने अध्ययन पर कर सकते हैं और बोर्ड परीक्षा में उत्तर लिखने के तरीके पर भी अवगत कराया गया। श्रुति लेखन पर भी चर्चा की गई। बोर्ड परीक्षा में किस प्रकार कौन से प्रश्न को कब हल करें, कैसे हल करें और हमारा लिखने का ढंग कैसे होना चाहिए विशेष कर उत्तर के प्रस्तुतीकरण पर सारगर्भित चर्चा की गई। सभी विषय शिक्षकों ने अपने-अपने विषय पर ब्लूप्रिंट पर विस्तार से चर्चा किया। इस कार्यशाला में संस्था के सहयोगी शिक्षक रामनारायण राणा, चित्रा साहू, निर्मला कोमिया, जोहर बढ़ई, प्रीति भीमटे, रेखलाल भोसले, प्रेम सिंह साहू, रेखा ठाकुर, निधि नंद, सुनील देशलहरे, एवं छात्रों में छात्रा प्रतिनिधि में प्रतिमा शांडिल्य,धनिका देवांगन,ओमशंकर कोलियरे, धीरज, खुशाल, यशिका साहू, भूमिका देवांगन, हर्षिता, राजवीर भट्ट, भूपेश कुमार, चंदन कुमार,टिकेश्वर, संजय एवं 10वी, 12वी के छात्र छात्रा उपस्थित थे।

## 939 जगहों पर रेड, 512 पर आपराधिक मामले दर्ज, तीन लाख की शराब जब्त

**बालोद।** सचिव एवं आयुक्त आबकारी विभाग छत्तीसगढ़ शासन आर संगीता के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के मार्गदर्शन में जिला आबकारी अधिकारी राजेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में बालोद जिले में अवैध मदिरा निर्माण, धारण, परिवहन एवं विक्रेताओं के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है।

इसके अंतर्गत शराब कोचियों के विरूद्ध अवैध निर्माण, धारण, परिवहन, विक्रय एवं चौर्यनयन के विरुध्द कार्यवाही करते हुए 20 नवंबर को थाना डौण्डीलोहारा क्षेत्र के अंतर्गत आरोपी केशूराम बेलसरिया के पास से 15 लीटर देशी कच्ची महुआ शराब जप्त कर छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) के तहत 01 गैरजमानतीय प्रकरण कायम कर आरोपी का जेल निरुद्ध किया गया है। इसी तरह 17 नवंबर को थाना मंगचुआ के अंतर्गत आरोपी सखाराम निषाद के पास से कुल 20 लीटर कच्ची महुआ शराब एवं 50 कि.ग्रा. लाहन जप्त कर छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) के तहत 01 गैरजमानतीय प्रकरण कायम कर आरोपी का जेल निरुद्ध किया गया है। जिला आबकारी अधिकारी राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि 01 अप्रैल 2024 से 21 नवंबर 2024 तक 939 जगहों में अवैध मदिरा के विक्रय, धारण, निर्माण, संग्रहण, परिवहन एवं अवैध रुप से मद्यपान की सुविधा उपलब्ध कराने तथा सार्वजनिक स्थल पर मदिरापान करने वालों के विरुध्द सतत अभियान चलाकर कुल 512 अपराधिक प्रकरण कायम किया गया है। जिसमें कुल 600.13 लीटर अवैध शराब, 700 कि.ग्रा. लाहन एवं 02 दोपहिया वाहन (कुल बाजार मूल्य 03 लाख 24 हजार 892 रुपये) जप्त की गई है एवं मदिरा दुकानों से संलग्न अहाता संचालकों के विरुध्द कुल 59 विभागीय प्रकरण कायम किया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यवाही आबकारी उपनिरीक्षक आशाराम शाक्य, आबकारी उपनिरीक्षक अतुल देवांगन, आबकारी उपनिरीक्षक जागेश्वर सिंह दाऊ एवं आबकारी उपनिरीक्षक रोशन लाल बंजारे द्वारा की गई। उन्होंने बताया कि आबकारी विभाग जिला बालोद द्वारा अवैध मदिरा धारण, विक्रय, संग्रहण, परिवहन एवं तस्करी के विरुध्द अभियान निरंतर जारी रहेगा।

## खबर संक्षेप



### शिविर में 255 आवेदनों का निराकरण

**रायपुर।** अभनपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत सुन्दरकेरा में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में विभिन्न विभागों को मिले आवेदनों में से 255 आवेदन तत्काल निराकरण किए गए। साथ ही छूटे हुए आवेदनों का निराकरण भी जल्द से जल्द निराकरण किया जाएगा। इस शिविर में अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि शिविर के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं का निराकरण जल्द होगा। इससे हितग्राहियों को भी काफी राहत मिलेगी। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 10 से अधिक हितग्राहियों को आवास की चाबी सौंपी गई। इस अवसर पर विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण भी उपस्थित थे।

### गोंड समाज का परिचय सम्मेलन 15 दिसंबर को

**रायपुर।** क्षेत्रीय छत्तीसगढ़ गोंड समाज कल्याण समिति द्वारा टिकारपारा स्थित गोंडवाना भवन में 15 दिसंबर को विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही विधवा, विधुर एवं परित्यक्ता भी इसमें शामिल हो सकेंगे। आदिवासियों के सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक व धार्मिक संस्कृति संबंधी जागरूकता व विकास के उद्देश्य से आदिवासी गोंड़ समाज द्वारा अंतर्राज्यीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी समाज के अध्यक्ष जग्गू सिंह ठाकुर ने देते हुए बताया कि विवाहयोग्य युवक-युवतियों के पंजीयन के लिए 1 दिसंबर से प्रतिदिन 10 बजे से शाम 7 बजे तक टिकरापारा रायपुर स्थित गोंडवाना भवन में आवेदन पत्र स्वीकार किए जाएंगे। सामाजिक एवं पत्रिका प्रकाशन के लिए सहयोग राशि प्रति आवेदन पंजीयन शुल्क 400 रुपए जमा कर रसीद प्राप्त कर सकते हैं।

### 15 चिकित्सा अधिकारियों विशेषज्ञों का तबादला

**रायपुर।** लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा बड़े पैमाने पर चिकित्सा अधिकारियों तथा विशेषज्ञों का तबादला किया गया है। इस संदर्भ में 21 नवंबर को आदेश जारी किया गया है। प्रशासकीय आधार पर इन्हें स्थानांतरित किया गया है। जारी आदेश के अनुसार, डॉ. सुरेश तिवारी को प्रभारी संयुक्त संचालक बिलासपुर, डॉ. अशोक वर्मा को बलौदाबाजार में प्रभारी सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक का पद दिया गया है। इसी तरह से डॉ. देवेंद्र को गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# स्कूल में बैंड-बाजा-बारात... छात्रों की छुट्टी घोषित कर सजा दिया मंडप, गुस्साए पालक तो पहुंचे अधिकारी, थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कृष्णा पब्लिक स्कूल एक बार फिर विवादों में है। यहां छात्रों को बगैर किसी कारण तीन दिनों की छुट्टी दे दी गई। दरअसल शाला प्रबंधन के एक सदस्य की शादी थी। इसका आयोजन स्कूल परिसर में ही रखा गया। विवाह संबंधित कार्य भली-भांति हो सके और मेहमानों को रहने के लिए पर्याप्त संख्या में कमरे मिल सकें, इसलिए उन्होंने बच्चों की पढ़ाई दांव पर लगा दी। बगैर उचित कारण दिए स्कूलों में तीन दिनों का अवकाश घोषित कर दिया गया। अवकाश घोषित किए जाने के बाद शाला परिसर में ही मंडप तान दिया। कैटरिंग, बैंड-बाजा सहित अन्य तरह की तैयारियां भी शुरू कर दी गईं।


■ गुरुवार को पहुंची जिला शिक्षा कार्यालय की टीम

पालकों को जब इसका पता चला, तो उन्होंने इसका विरोध किया, लेकिन किसी तरह की व्यवस्था शाला प्रबंधन द्वारा नहीं की गई। शिकायत जिला शिक्षा कार्यालय तक पहुंची। इसके बाद गुरुवार को टीम कैंपस पहुंची, जहां उसने मामले की जांच की। शिकायत सही पाए जाने पर शाला प्रबंधन को नोटिस जारी किया गया है तथा छुट्टियां रद्द करते हुए शुक्रवार से नियमित रूप से कक्षाएं संचालित करने कहा है। जांच के लिए पहुंची टीम को भी शाला प्रबंधन के सदस्य गोलमोल जवाब देते ही मिले।

## कृष्णा पब्लिक स्कूल सरोना का मामला, शुक्रवार तक स्कूल में घोषित थी छुट्टियां

### दिखावे के लिए पालक टीचर्स मीटिंग

बुधवार से शुक्रवार तक स्कूल में तीन दिनों तक अवकाश घोषित किया गया था। पालकों के आक्रोश और विरोध को देखते हुए गुरुवार को पालक-टीचर्स मीटिंग शाला में रखी गई। सामान्यतः पीटीएम वाले दिन भी कक्षाएं संचालित होती हैं तथा पालकों के साथ बच्चों को भी बुलाया जाता है। इसके विपरित शादी में व्यवधान ना हो, इसलिए सिर्फ पालकों को ही बुलाया गया और एक कक्ष में मीटिंग आयोजित कर उन्हें चलता किया गया।




### नहीं दे सकते अवकाश

निजी विद्यालय अपने अनुसार अवकाश नहीं दे सकते। सत्र संचालन तथा अवकाश को लेकर उन्हें शासन की गाइडलाइन का पालन करना होता है। शासन द्वारा जिन तिथियों में अवकाश घोषित किया जाता है, निजी स्कूल सिर्फ उन्हीं तारीखों में छुट्टियां दे सकते हैं। कार्यालयीन दिवस में ना तो कक्षाएं संचालित की जा सकती हैं और ना ही अवकाश के दिन विद्यार्थियों को बुलाया जा सकता है।

## सर्विस बुक में अपनी पत्नी की जगह दूसरी महिला के नाम का उल्लेख

# पटवारी एवं जेल प्रहरी को बर्खास्त करने राजस्व विभाग से अनुशंसा करेगा राज्य महिला आयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग अलग-अलग दो प्रकरण में दोषी पाए गए पटवारी और जेल प्रहरी को बर्खास्त करने के लिए जिला प्रशासन और जेल प्रशासन से अनुशंसा करेगा। इनमें एक प्रकरण में पामगढ़ का पटवारी विवाहित होते हुए भी सर्विस बुक में अपनी पत्नी की जगह दूसरी महिला के नाम का उल्लेख कर उसे पत्नी बताता था। इसी प्रकार दूसरे प्रकरण में जेल प्रहरी भी बिना विवाह किए एक महिला का 12 वर्षों तक शारीरिक शोषण करता रहा। जब वह बच्चे की मां बनी तब जाकर विवाह किया। इस विवाह के बाद भी अब वह दूसरी महिला को अपने प्रेमजाल में फंसाकर उसके साथ विवाह करने की तैयारी में था। आयोग इन प्रकरणों में सुनवाई कर अब दोनों की सेवा समाप्त करने अनुशंसा करेगा।

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग के रायपुर कार्यालय में गुरुवार को आयोग की अध्यक्ष डा. किरणमयी नायक की अध्यक्षता में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की गई। इस सुनवाई में पामगढ़ के एक पटवारी के खिलाफ उसकी पत्नी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसका पति उससे तलाक लिए बिना दूसरी महिला को अपनी पत्नी बताता है। पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी हुए 20 वर्ष हो चुके हैं। इन वर्षों में उसके पति ने अपनी सर्विस बुक में उसका नाम दर्ज नहीं कराया है। उसका पति दूसरी महिला जो कोरबा में पटवारी पद पर पदस्थ है, को अपनी पत्नी बताता है तथा उसका नाम सर्विस बुक में होने की बात करता है। पीड़िता का कहना है कि दूसरी महिला के नाम पर एक बार वह पति से अलग होकर भी रहने लगी थी, लेकिन मामला कोर्ट में जाने के बाद उसने समझौता किया और उसे पुनः अपने घर वापस ले गया था, लेकिन इसके बाद भी अब तक उसने अपनी पत्नी का नाम सर्विस बुक में दर्ज नहीं कराया है। पत्नी ने आरोप लगाया है कि उसके पति ने दूसरी महिला से चोरी छिपे विवाह कर लिया है, लेकिन आयोग के समक्ष उसने इससे इनकार किया है। इस मामले में आयोग ने निर्णय लिया है कि पटवारी के विरुद्ध बर्खास्त करने संबंधित अनुशंसा राजस्व विभाग एवं जिला प्रशासन से करेगा।

### बच्ची के जन्म के बाद किया विवाह अब दूसरी महिला का चक्कर

आयोग में एक जेल प्रहरी के खिलाफ उसकी पत्नी ने शिकायत दर्ज कराई है। इसमें पीड़िता ने आरोप लगाया था कि उसका पति जो बिलासपुर जेल में प्रहरी है 12 साल तक बिना विवाह किए उसके साथ रहा। इस बीच उसने एक बच्चे को जन्म दिया। इसके बाद उसने उसके साथ विवाह किया। बच्चे के जन्म के बाद अब उसका पति उसे तलाक दिए बिना किसी और महिला के साथ विवाह करना चाहता है। आयोग ने इस प्रकरण




में भी जेल प्रहरी को बर्खास्त करने के लिए जेल प्रशासन और गृहमंत्री से अनुशंसा करने का निर्णय लिया है। साथ ही इस मामले में दूसरी महिला को सुधरने का मौका देते हुए दो माह के लिए नारी निकेतन भेजने के निर्देश दिए हैं।

### 12 साल साथ में रहा अब शादी से इंकार

एक अन्य प्रकरण में एक महिला ने एक शिक्षक के खिलाफ यौन शोषण करने की शिकायत की है। महिला ने आयोग को बताया कि शिक्षक 5 वर्ष से सरकारी पद पर कार्यरत है और पिछले 12 साल से उसके साथ रह रहा है। इस मामले में महिला ने जब शिक्षक से शादी करने के लिए कहा, तो उसने इनकार कर दिया। इस प्रकरण में आयोग के समक्ष शिक्षक ने स्वीकार भी किया है कि वह महिला के साथ रहता है, लेकिन वह अपने परिवार की सहमति बिना उसके साथ विवाह नहीं कर सकता। आयोग ने इस मामले में महिला से कहा कि चाहे तो वह शिक्षक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करा सकती है या फिर मुआवजा के रूप में उससे 20 लाख रुपए ले सकती है। इस पर शिक्षक ने आयोग को प्रस्ताव दिया है कि वह दो माह के भीतर 20 लाख रुपए पीड़िता को देगा। इसके लिए आगामी सुनवाई में शिक्षक को 10 लाख रुपए नकद और 10 लाख रुपए का चेक लाने के लिए कहा गया है। मुआवजा राशि नहीं देने की स्थिति पर आयोग द्वारा शिक्षक को बर्खास्त करने शिक्षा विभाग को अनुशंसा की जाएगी।

# राजहरा परिवहन संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल को सभी वर्गों का मिल रहा समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दल्ली राजहरा के शांत प्रिय राजहरा परिवहन संघ अपने मौलिक मूलभूत मांगों को लेकर सांकेतिक शांतिपूर्ण ढंग से धरना प्रदर्शन अनिश्चितकालीन रूप में कर रहे हैं आज 3 तीसरे दिन में भी राजहरा परिवहन संघ ने अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर धरना जारी रखा, इस धरना प्रदर्शन से सांकेतिक संकेत जिला एवं राज्य प्रशासन को दिया गया कि अगर पांच सूत्रीय मांगे पूर्ण नहीं होती है तो यह धरना प्रदर्शन आगामी दिनों में और उग्र हो सकता है जिसका समर्थन दल्लीराजहरा के विभिन्न श्रमिक संगठन, नगर पालिका, सामाजिक संगठन, राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों सहित आम जनों का समर्थन प्राप्त हो रहा है और यही वजह है कि राजहरा परिवहन संघ अपने शांत प्रिय अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन को तेजी से जारी रखें है, लोगों का बल उनके साथ में है, आत्मविश्वास उनके साथ में है और उन्हें विश्वास है कि उनके मौलिक मूलभूत मांगे अवश्य पूर्ण होगी ,जिला एवं राज्य प्रशासन उनकी मांगों को सभी वर्गों का समर्थन मिल रहा है,,वैसे भी दल्लीराजहरा शहर की पहचान आंदोलन की नगरी से ही है। राजहरा परिवहन संघ के तत्वाधान में पांच सूत्रीय मांगो को लेकर किए जा रहे अनिश्चितकालीन धरने के तीसरे दिन तक बी एस पी प्रबंधन के अनदेखी के चलते 24 नवंबर तक तक उनकी मांगों का सार्थक पहल ना होने पर 25 नवम्बर सोमवार को दल्ली, व राजहरा तथा महामाया के समस्त उत्पादन चक्काजाम कर ठप्प किए जाने का निर्णय लिया गया ब इसकी सम्पूर्ण जवाबदारी बी एस पी प्रबंधन की होगी उक्ताशय की लिखित आवेदन 22 नवंबर को मुख्य महाप्रबंधक लौह अयस्क समूह राजहरा , अनुविभागीय अधिकारी ( राजस्व)डोंडी,नगर पुलिस अधीक्षक दल्ली राजहरा व नगर निरीक्षक थाना राजहरा को देने की जानकारी दी गई ,राजहरा परिवहन संघ के पदाधिकारियों ब सदस्यों ने अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन राजहरा माइंस कार्यालय के समीप कर रहे है। राजहरा परिवहन संघ के अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन के तीसरे दिन दल्लीराजहरा विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने धरना स्थल पर उपस्थित होकर आंदोलन में हर कदम सहयोग करने की बात कहते हुए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डौंडी को राजहरा परिवहन संघ की मांगो को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर मांगो का निराकरण कराने दिए गए पत्र की प्रति संघ को सौपा गया।

विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी ने कहा कि राजहरा परिवहन संघ की मांग जायज है ,उक्त मांग नगर हित में है ,राजहरा के विकास के लिए उक्त मांगो का समर्थन कर रहे है ,जब जहा जरूरत होगी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी उनके साथ खड़ी है। छत्तीसगढ़ की पूर्व कैबिनेट मंत्री व डोंडी लोहारा विधानसभा की विधायक श्रीमति भेड़िया ने राजहरा परिवहन संघ के पांच सूत्रीय मांगों के लिए किए जा रहे अनिश्चित कालीन धरना को समर्थन देते हुए समर्थन पत्र लिखकर भिजवाया जिसे विधायक प्रतिनिधि रत्तीराम कोसमा राजहरा परिवहन संघ के धरना स्थल पर श्रीमती अनिला भेड़िया के द्वारा राजहरा परिवहन संघ की मांगों दिए गए समर्थन पत्र को सोपा साथ ही विधायक जल्द ही धरना स्थल पर उपस्थित होकर आंदोलन को समर्थन देने की जानकारी दी।

# चार साल से थानों के मालखाने में जमा शराब पर पुलिस ने बुलडोजर चलाकर किया जमींदोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शासन तथा पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर पिछले चार साल से रेंज के अलग-अलग थानों में जमा शराब पर पुलिस ने बुलडोजर चलवाकर जमींदोज किया। शराब नष्टीकरण रायपुर एसएसपी डॉ. संतोष सिंह तथा अन्य पुलिस अफसर, प्रशासनिक तथा आबकारी अफसरों की निगरानी में की गई। जब्त शराब की कीमत करोड़ों में आंकी गई है। सबसे ज्यादा शराब रायपुर तथा बलौदाबाजार जिले की थी। सबसे कम शराब गरियाबंद जिले की थी।

पुलिस के अनुसार मादक पदार्थों की तस्करी तथा अवैध खरीद-फरोख्त पर रोक लगाने शराब के साथ अन्य मादक पदार्थों की जब्ती होती रहती है। दो माह



पूर्व थानों के मालखाना में जमा गांजा नष्ट करने की कार्रवाई के बाद शराब नष्ट करने का काम किया गया है। अलग-अलग थानों में जब्त शराब को पुलिस कर्मी ट्रक तथा अन्य वाहन में लेकर माना थाना पहुंचे। इसके बाद थाने के पीछे खाले मैदान में शराब की बोतल तथा शीशी को एक लाइन में बिछाया गया। इसके बाद शराब की बोतल तथा शीशी को बुलडोजर चलाकर नष्ट किया गया।

### 80 फीसदी से ज्यादा शराब रायपुर, बलौदाबाजार की

पुलिस ने बुलडोजर चलाकर जिन शराब की बोतल तथा शीशी को नष्ट किया है, उनमें से 80 फीसदी से ज्यादा शराब रायपुर तथा बलौदाबार जिले से जब्त की गई शराब को नष्ट किया है। सबसे कम शराब गरियाबंद जिले का रही है। गरियाबंद जिले से जब्त 434 लीटर शराब को नष्ट किया गया है।

### बदमाशों ने युवक के गले पर चाकू अड़ाकर 31 हजार लूट लिए

**रायपुर।** लगातार सख्ती के बाद भी बदमाशों के मन में पुलिस के प्रति खौफ कम होता जा रहा है। बदमाश आए दिन गंभीर किस्म की आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। गुरुवार दोपहर तीन बजे स्कूटर सवार दो नकाबपोश बदमाशों ने एक युवक के गले पर चाकू अड़ाकर जेब में रखे नकदी 31 हजार रुपए तथा एप्पल कंपनी का मोबाइल फोन लूट लिया और फरार हो गए।

### भक्तों के उद्धार के लिए हुआ था भगवान राम का अवतरण : पांडेय



**रायपुर।** संतों और भक्तों को तारने के साथ ही किसी का पुत्र तो किसी का बेटा और किसी का पति तो किसी का भाई बनने के लिए और अपने वचन को पूरा करने के लिए भगवान विष्णु ने भगवान राम के रूप में अवतार लिया था।। जैसे की मनु और शतरूपा ने भगवान को बेटे के रूप में पाने की इच्छा जाहिर की थी तो उनकी इच्छा पूरी करने के लिए जब मनु और शतरूपा, राजा दशरथ और कौशल्या बनकर आए तो उनके यहां भगवान राम ने अवतार लिया और उनकी इच्छा पूरी की। इसी तरह अनेक ऋषि-मुनियों को तारने के लिए भगवान राम का अवतरण हुआ। ये बातें डूमरतराई में चल रही श्री रामकथा के चौथे दिन गुरुवार को दौरान आचार्य युवराज पांडेय महाराज ने कहीं। उन्होंने आगे बताया कि भगवान राम ने माता अहिल्या माता शबरी के उद्धार और खुद रावण के मन में भी इच्छा थी कि उनका उद्धार भगवान के हाथों से हो, इसलिए भगवान राम को मानव जन्म लेकर आना पड़ा। चौथे दिवस आचार्य श्रीयुत युवराज पांडेय ने भक्तों को भगवान की यह कथा बताई।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130



## खबर संक्षेप

### बीएसपी के एजीएम को तीन महीने की सजा

**भिलाई।** कोर्ट ने भिलाई इस्पात संयंत्र के एजीएम ओमेन टेटे को तीन महीने की सश्रम कारावास की सजा दी है।न्यायाधीश निलेश कुमार बघेल की कोर्ट ने यह फैसला सुनाया है। मामले की पैरवी कर रहे अधिवक्ता अनुराग ठाकुर ने बताया कि 5 मार्च 2023 की रात 8 बजे रेलवे कर्मी बसंत कुमार अपनी बाईक से तालपुरी बोरसी मार्ग से जा रहे थे। इसी दौरान बोरसी की तरफ से होंडा सिटी कार क्रमांक सीजी 07 एमबी 4357 के चालक ओमेने टेटे ने बाईक को जबर्दस्त टक्कर मार दी। जिससे रेलवे कर्मी बसंत को गंभीर चोंटें आई। टेटे नंदिनी माइंस के एजीएम हैं। अधिवक्ता ठाकुर ने बताया कि पीड़ित कर्मी दुघर्टना में बुरी तरह घायल हो गए थे और उनका इलाज छह महीने तक अस्तपाल में चला। बड़ी मुश्किल से उसकी जान बच पाई। घायल बसंत कुमार की पत्नी ने कार चालक के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। पुलिस ने मामला न्यायालय में पेश किया था जिसकी सुनवाई कोर्ट में चली। घटनास्थल पर मौजूद लोगों के बयान के बाद कोर्ट ने यह फैसला दिया है।

### चाकूबाजों की जानकारी देने वाले को मिलेगा 1 हजार रुपए का पुरस्कार

**भिलाई।** दुर्ग पुलिस ने चाकूबाजों को पकड़ने के लिए एक नई पहल की है। दुर्ग एसपी जितेंद्र शुक्ला के निर्देश पर अब शहर में चाकू लेकर घूमने और संदिग्ध गतिविधियां कारित करने वालों की जानकारी देने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा। उन्हें 1 हजार रुपए का इनाम दिया जाएगा। साथ ही उनका नाम पूरी तरह से गोपनीय रखा जाएगा। जिले को अपराध मुक्त बनाने के लिए यह कवायद शुरू की गई है। ऐसे लोगों को पकड़ने के लिए सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया है। दुर्ग एसपी ने इसका पोस्टर भी जारी किया है। ऐसे लोगों की जानकारी मोबाइन नंबर 9479192002, सीएसपी दुर्ग 9479192006, सीएसपी भिलाई नगर 9479192008, डीएसपी क्राइम 9479192017, टीआई क्राइम 6265022883 और कंट्रोल रूम के नंबर 9479192099 पर कॉल करके दी जा सकती है।

### नशे पर शिकंजा : पंजाब से चिट्टा लाकर बेच रहे दो गिरफ्तार

**भिलाई।** जिले में नशे के अवैध सौदागरों के खिलाफ जिला पुलिस की मुहिम जारी है। पुलिस ने वैशालीनगर थाना अंतर्गत वृंदा नगर दक्षु बाड़ी मैदान के पास से दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। उनके पास से चिट्टा (हेरोइन) जब्त किया गया। जब्त हेरोईन की कीमत करीब 1 लाख रुपए बताई गई है। आरोपियों में वृंदानगर सुपेला निवासी बब्बू अली पिता लियाकत अली (40वर्ष) और संग्राम चौक केम्प-1 निवासी हरपाल सिंह पिता सुखदेव सिंह (24 वर्ष) शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि बब्बू अली पंजाब से हेरोईन लाकर भिलाई में बेच रहा था। हरपाल उसका सहयोग कर रहा था। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ा। पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला ने इस पूरे मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि जिले में लगातार नशे का कारोबार करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। उनकी गिरफ्तारियां हो रही है।

**अपेक्षा**


**किसान और प्रशासन के बीच उत्तम कड़ी बने : सांसद**

# मनोनीत सोसायटी अध्यक्षों की सूची अंततः की गई जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

लंबे इंतजार के बाद स्वतंत्रता दिवस 2024 को सोसायटियों में ध्वजारोहण करने के लिए नामित भाजपा नेताओं को अंततः सोसायटी अध्यक्ष भाजपा सरकार ने मनोनीत करते हुए आदेश सूची जारी किए।

जारी सूची के मुताबिक बटरेल सोसायटी अध्यक्ष किसान मोर्चा भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, सुरपा सोसायटी अध्यक्ष भाजपायुवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नारद साहू, जामगांव आर सोसायटी अध्यक्ष मंडल पूर्व महामंत्री भगवान सिंह चंद्राकर, भरर सोसायटी अध्यक्ष मंडल महामंत्री राजेश बंछोर, कुम्हली सोसायटी अध्यक्ष मंडल महामंत्री तेजेंद्र पिपरिया, बेलहारी सोसायटी अध्यक्ष मंडल उपाध्यक्ष रूपसिंह सिन्हा, निपानी सोसायटी अध्यक्ष बेनीराम साहू, कुमएॅगुंडरा सोसायटी अध्यक्ष दानीराम वर्मा, गाढ़ा डीह सोसायटी अध्यक्ष संजय चंद्राकर, मर्रा सोसायटी अध्यक्ष विनोद सिंह ठाकुर, रानितराई डीड़गा सोसायटी अध्यक्ष योगेश्वर साहू बनाए गए।



**किसानों को तनिक भी तकलीफ ना हो**

दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने नव नियुक्त सोसायटी अध्यक्षों को बधाई देते हुए कहा कि आप हमारे पाटएँ के वरिष्ठजन है भाजपा की नीति से भली भांति परिचित है भाजपा उच्च मापदंड के तहत किसानों के लिए समर्पित होकर काम करती है आप सब किसान पुत्र है किसानों का दर्द आप अच्छी तरह जानते है किसानों को धान बेचने से लेकर राशि आहरण तक तनिक भी तकलीफ ना हो महती भूमिका निभाए।

सांसद और जिला अध्यक्ष से मिलकर आभार व्यक्त किए नवनियुक्त सोसायटी अध्यक्षों का ग्रुप शुक्रवार को सासंद विजय बघेल और दुर्ग जिला भाजपा जितेंद्र वर्मा के निवास में जाकर पुष्पहार से स्वागत करते हुए सोसायटी अध्यक्ष दायित्व सौंपने के लिए आभार व्यक्त किए।

किसान और प्रशासन के बीच महती भूमिका निभाए अध्यक्ष सांसद विजय बघेल ने नव नियुक्त सोसायटी अध्यक्ष भाजपा नेताओं को बधाई देते हुए कहा कि किसान और प्रशासन के बीच उपयुक्त कढ़ी बनकर दायित्वों का भली भांति निर्वहन करे। किसानों को परेशानी बिल्कुल भी ना हो भाजपा सबका साथ सबका विश्वास पर यकीन करती है आप सभी अनुभवी भाजपा नेता है सबको पूरी तरह खरा उतरना है अपने कार्यकाल को यादगार बनाना है।उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामनाएं।

# धान खरीदी में टोकन सिस्टम से किसान परेशान, केंद्रों अव्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

उपाध्यक्ष प्रदेश श्रम कल्याण केशव बंटी हरमुख ने आरोप लगाया है कि इस वर्ष धान खरीदी में काफी अनियमितताएं देखने को मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने 14 नवंबर से 31 जनवरी तक धान खरीदी का निर्णय लिया है। इसका मतलब है कि सरकार धान खरीदी 14 दिन कम करेगी, जबकि पंजीकृत किसानों की संख्या में इस वर्ष काफी वृद्धि हुई है।

वहीं, केंद्र सरकार द्वारा 117 रुपए की समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी की गई है, जिसका कोई लाभ किसानों को नहीं मिल रहा है।पूर्व कांग्रेस की सरकार समर्थन मूल्य की वृद्धि को अलग से बढ़ा कर देती आई है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा एक मुश्त 3100 रूपए प्रति क्विंटल देने की बात कही थी, जिसे उन्होंने मोदी की गारंटी बताया था, जबकि किसानों को 2300 के भाव से धान की कीमत मिल रही है। इससे किसान अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं।

### टोकन व्यवस्था चरमराई

श्री हरमुख ने आरोप लगाया कि धान खरीदी केंद्रों में टोकन की व्यवस्था चरमरा सी गई है। ऑनलाइन टोकन कट नहीं रहा है। वहीं, किसान सोसाइटियों में टोकन कटवाने के लिए सब काम छोड़कर खड़े हैं। श्री हरमुख ने बताया कि सरकार द्वारा इलेक्ट्रॉनिक कांटों से धान खरीदी का निर्णय किया गया है, लेकिन समिति में किसानों से सूखत के नाम पर प्रति तौल 200 से 300 ग्राम ज्यादा धान लिया जा रहा है। इससे किसानों में रोष व्याप्त है।

### वार्षिकोत्सव 24 को

**भिलाई।** महाराष्ट्रीयन ब्राह्मण जागृति सभा भिलाई-दुर्ग द्वारा 24 नवंबर को सिविक सेंटर स्थित कला मंदिर में वार्षिक उत्सव एकात्म समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमें सभी महाराष्ट्रीयन ब्राह्मण परिवारों को इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रतिनिधियों द्वारा आमंत्रण पत्र दिया गया है। यह जानकारी अध्यक्ष श्रीराम कुलकर्णी ने दी।

# भोजन की तरह भजन भी जीवन में अनिवार्य है : पं. राजीवनयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/सिकोसा

- भागवत कथा में महाराज ने सत्संग की महिमा बताई

ग्राम भाटागांव(बी) में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा में तीसरे दिन कथाकार राजीव नयन ने भक्तों को भोजन के साथ भजन की सलाह दी। एक क्षण का सत्संग भी भक्तों को भगवान के साथ मिला देता है। उन्होंने कहा मांगने से कुछ नहीं मिलता, मिलता वही है जो परमात्मा चाहता है। जब सुख आए तो भगवान की दया और दुख जाए तो भगवान की कृपा माननी चाहिए।उन्होंने सामाजिक व्यवस्था पर टिप्पणी करते हुए कहा समाज में बुराइयां भी इन्हीं परिवर्तनों के कारण आई है। संत ने युवाओं से आह्वान किया कि वे एक निश्चित दिनचर्या अमल करें। सब काम छोड़ कर भोजन करना चाहिए। हजार काम छोड़कर स्नान करना चाहिए। लाख काम छोड़ कर दान देना चाहिए और करोड़ों काम छोड़कर भजन करना चाहिए। परीक्षित विश्व का पहला जीव है जिसने जन्म से पहले ईश्वर का दर्शन किया। परीक्षित को मालूम था कि सातवें दिन मरना है। पर विश्व के अन्य जीवों को नहीं मालूम कि किस दिन मरना है।

मृत्यु तो सत्य है, जो जन्म लेगा वह मरेगा। इसलिए भजन कीर्तन को नित्य जीवन में शामिल किया जाना चाहिए। कलयुग में धर्मदान का टीका है। इस तरह कलयुग के प्रवेश एवं तक्षक द्वारा परीक्षित को कैसे मुक्त होना चाहिए इस प्रसंग पर विस्तृत वर्णन किया गया। इस अवसर में पुर्व विधायक विरेन्द साहू, संध्या दोपण साहू, नारायण रिंकेश साहू उपस्थित थे।

# उन्मुखीकरण कार्यक्रम पंचायत पदाधिकारियों को जागरूक करने पर होगा सार्थक : डा. संजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- सचिवों एवं रोजगार सहायकों ने अच्छा प्रदर्शन किया

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे की अध्यक्षता में जनपद पंचायत डौण्डी में सरपंचों का उन्मुखीकरण एवं सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डौण्डी विकासखण्ड के सभी सरपंचों एवं सचिवों का शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए जिला पंचायत की ओर सम्मानित भी किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने कहा कि उन्मुखीकरण कार्यकम पंचायत पदाधिकारियों को जागरूक करने में सार्थक सिद्ध होगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से पंचायतों को वित्तीय रूप में सक्षम बनाने, स्वयं के आय का स्त्रेत बढ़ाने तथा समय-समय पर कराधान, करारोपण एवं वसुली पर भी पंचायतों को ध्यान केंद्रित करना चाहिए। कन्नौजे ने लंबित आवासों को पूरा कराने में सचिवों एवं रोजगार सहायकों की प्रशंसा की।







उन्होंने कहा कि सचिवों एवं रोजगार सहायको ने अच्छा प्रदर्शन किया और इसमें अपेक्षित प्रगति लाने में सफल रहे। इस दौरान उन्होंने सरपंच, सचिवो को हितग्राहियों का नाम स्थायी प्रतीक्षा सूची में नहीं है तथा आवास प्लस की सूची में नहीं है, उनका नाम आवास डबल प्लस की सूची में शामिल करने को कहा। मनरेगा योजना में कृषि संवहनीय कार्यों एवं जल संरक्षण, जल संवर्धन के कार्यों को 'एक्शन प्लान' में शामिल करने, 'सेल्प ऑप प्रोजेक्ट' तैयार करने के लिए मार्गदर्शन किया।

डॉ. कन्नौजे ने कहा कि जिले में कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन में 'जल जतन योजना' चलाया जा रहा है। जिसमें किसान रबी फसल के लिए समय पानी के समुचित उपभोग तथा फसल चक्र परिवर्तन द्वारा जलदोहन को रोका जा सके।

# एचएम ने अपने जन्मदिन पर न्योता भोज में छत्तीसगढ़ी व्यंजन परोसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

शासकीय प्राथमिक शाला भरदाखुर्द के प्रधानपाठक महेन्द्र कुमार साहू ने अपना जन्मदिन स्कूल के बच्चों के साथ मनाया। वर्तमान दौर में पाश्चात्य व्यंजनों के दौर में भूलते जा रहे छत्तीसगढ़ी व्यंजनों से परिचित कराने के उद्देश्य से प्रधानपाठक महेन्द्र कुमार साहू ने अपने जन्मदिन के शुभ अवसर पर शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला भरदाखुर्द के बच्चों को ठेठरी, खुरमी, चौंसेला, चावल का बड़ा, अईरसा, कटुआ, गुलगुल भजिया छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का न्यौता भोज कराया।

बच्चों ने छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का बड़े ही आनंदपूर्वक जायका लिया। उक्त कार्यक्रम में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार यादव सम्मिलित हुए, उन्होंने महेन्द्र कुमार साहू द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना व प्रशंसा तथा





उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ जन्मदिन का बधाई संदेश प्रेषित किया। सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी श्रद्धा ठाकुर व खेमराज साहू तथा विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक किशोर कुमार साहू ने भी बधाई संदेश प्रेषित किया। संकुल समन्वयक सुरेश कुमार चन्द्राकर व पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक पूनम खोब्रागढ़े ने महेन्द्र कुमार साहू के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। जनपद अध्यक्ष सुचित्र हेमन्त साहू, जनपद सदस्य निर्मला हेमन्त साहू, सरपंच राजकुमारी साहू, पूर्व सरपंच कमलकांत सिन्हा, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चन्द्रभान मेश्राम, शिक्षाविद जितेन्द्र मेश्राम, पवन सिन्हा, खिलावन साहू व सदस्यों ने बधाई संदेश दिया। बधाई संदेश के क्रम में शिक्षक पुष्पेन्द्र देशमुख, पूर्णिमा देशमुख, महेन्द्र चन्द्राकर, ओमप्रकाश निर्मल, अर्चना रजक, ज्योति देवांगन, संकुल समन्वयक जितेन्द्र कुमार साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, विकास कुमार कोसरे, बीआरसी कार्यालय से तेनसिंह साहू, परमेश्वर साहू, दीपक ठाकुर ने हर्ष व्यक्त किया।

### डंगनिया के रासेयो शिविर में निकाली प्रभात फेरी

**अंडा।** ग्राम डंगनिया में माता कर्मा महाविद्यालय में आयोजित 7 दिवसीय विशेष शिविर का प्रभातफेरी से हुई। तत्पश्चात योग, परियोजना कार्य, एवं बौद्धिक परिचर्चा सत्र में पद्मश्री शमशाद बेगम मेरा युवा भारत समाज के लिए युवा डॉ त्रिलोक टंडन एड्स के बारे में बारीकी से जानकारी दी श्री चन्द्रहास साहू भास्कर साहू श्री के के सिन्हा सामाजिक विषयों द्वारा बच्चो को मार्ग दिया गया रात्रि कालीन कवि सम्मेलन का कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में आदरणीय , श्री केशव साहू की टीम के द्वारा मनमोहक प्रस्तुति रही श्री टिकेश्वर साहू सरपंच डंगनिया श्री कुलदीपक साहू सरपंच, टिकेश्वर साहू सरपंच एवं समस्त ग्रामवासी, जिला संगठक डॉ लीना साहू, कार्यक्रम अधिकारी डिगेन्द साहू वरिष्ठ स्वयं सेवक कौशल गजेन्द्र देवेंद्र साहू कुमकुम रौशन कुनाल रुद्र कुमार मेघा लक्की माधुरी नीतीश राजा उपस्थित रहे ।

# मनीष दास को मिला प्रचारक सम्मान



**बालोद।** नगर में संचालित किसलय होम्यो एवं आयुर्वेद एजेंसी के व्यवस्थापक प्रसिद्ध युवा तबला वादक ग़व्य सिद्ध मनीष दास मानिकपुरी को राष्ट्रीय ब्रम्हलीन अमर बलिदानी राजीव दीक्षित पंच गव्य प्रचारक सम्मान से 12 वा पंचगव्य चिकित्सा महासम्मेलन वृंदावन फोगला आश्रम में आयोजित हो रही है, उसमें पंचगव्य विद्यापीठम गुरुकुलम कांचीपुरम की उपकुलपति डॉ कमल टावरी द्वारा प्रदान किया गया। इस उपलब्धि के लिए पालक पिता प्रसिद्ध नाड़ी विशेषज्ञ पुरुषोत्तम सिंह राजपूत, लोकेश्वर यादव कांकेर, सागर दास मानिकपुरी, लाडू सिंह मोकावत, पुस्कर सिंह राजपूत, रमेश कुमार रावते, योगेश्वर यादव, पवन साहू प्राचार्य स शिशु मंदिर हथौद, प्रमोद सहाड़ी ने हर्श व्यक्त किया।









# पुरुषोत्तम सिंह को मिला ज्ञानकोष राष्ट्रीय सम्मान





**बालोद।** भगवान योगेश्वर श्री कृष्ण जी की लीला स्थली वृंदावन धाम में आयोजित 12 वां पंचगव्य चिकित्सा महासम्मेलन में नाड़ी विशेषज्ञ, समाजसेवी, प्रखर मानस वेदांत प्रवक्ता पुरुषोत्तम सिंह राजपूत को पंचगव्य चिकित्सा प्रणाली में महर्षि वागभट्ट पंचगव्य ज्ञानकोश सम्मान राष्ट्रीय सम्मान से सेवा निवृत पूर्व गृह सचिव केंद्रीय गृह मंत्रलय भारत एवं वर्तमान उपकुलपति पंचगव्य विद्यापीठम गुरुकुलम कांचीपुरम के हाथों सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वृंदावन के फोगला आश्रम में देश भर के हजारों पंचगव्य चिकित्सक और संतों की उपस्थिति रही। इस उपलब्धि के लिए क्रियायोग के आचार्य गोपाल वर्मा, साहित्यकार पुस्कर सिंह राजपूत, लादू सिंह मोकावत, जयकरण सिंह परिहार, गव्य सिद्ध सतीश गर्ग दिल्ली, गव्य सिद्ध दिलेश्वर साहू राजनांदगांव, गव्यसिद्ध रवान कुशवाहा कवर्धा, योगेश्वर यादव, रमेश कुमार रावते, प्रमोद कुमार ने हर्श व्यक्त किया।









